Di Code 233305344695

School Code 641233

KANYA SHIKSHA PARISAR, SEHORE
RUN BY SURYA FOUNDATION
Sehore-Indore by pass Road, In front of R.T.O. Office,
Crescent Resort Cross Road, Sehore - 466001 (M. P.)
9540780079 sehoreksp@gmail.com kspsehore.ac.in

# रसोई बनाने के लिए कांट्रेक्टर की आवश्यकता हेतु निविदा

कन्या शिक्षा परिसर सिहोर, सूर्या फाउण्डेशन, नई दिल्ली द्वारा पी.पी.पी. मोड पर संचालित विद्यालय में छात्रावास के लिए भोजन पकाने के लिए टेंडर प्रक्रिया में भाग लेने हेतु आमंत्रित किया जाता है।

## महत्वपूर्ण विवरण

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | निविदा भरने वाले आपूर्तिकर्ता का नाम और प्रकार | - | |
| 2. | पंजीकृत कार्यालय का पता फोन नंबर ईमेल इत्यादि | - | |
| 3. | निविदा की तारीख़ | - | 08 मार्च 2024 |
| 4. | निविदा भरने की तारीख़ | - | 08 मार्च 2024 से 28 मार्च 2024 |
| 5. | निविदा भरकर भेजने की अंतिम तारीख़ | - | 28 मार्च 2024 सायं 5 बजे तक |
| 6. | निविदा खुलने की संभावित तारीख | - | 30 मार्च 2024, सुबह 11 बजे. |
| 7. | निविदा शुल्क (अप्रतिदेय) | - | Rs 100/- ( नकद या बैंक ड्राफ्ट, चेक स्वीकार नहीं किया जाएगा.) |
| 8. | धरोहर राशि (अर्नेस्ट मनी डिपॉजिट) | - | Nil |
| 9. | निविदा खुलने का स्थान | - | Kanya Shiksha Parisar Sehore, run by Surya Foundation, Sehore-Indore bypass road, in front of RTO Office, Crescent Resort cross road, Sehore (Madhya Pradesh) PIN-466001 |

| क्र. | कार्य का प्रकार | कुल मासिक पारिश्रमिक दर (सभी कर सहित ) | रिमार्क्स |
|---|---|---|---|
| 1. | संख्या 480 छात्राओ हेतु सुबह का नास्ता , दोपहर का भोजन तथा रात्रि भोजन (स्कूल मेनू अनुसार) बनाने हेतु तथा रसोई कक्ष एवं बर्तनों की साफ सफाई इत्यादि | | |

निविदाकर्ता के हस्ताक्षर और उसके व्यवसाय-प्रतिष्ठान की मुहर अगर हो तो

## निविदा की सामान्य शर्तें

1. निविदा खुलने की संभावित तारीख 30 मार्च 2024 सुबह 10 बजे।
2. निविदा भरकर पहुचने की अंतिम तारीख 28 मार्च 2024 सायं 5 बजे तक।
3. निविदा 30 अप्रैल 2025 तक मान्य रहेगी तथा कार्य की गुणवत्ता देखकर निविदा अगले कार्यकाल के लिए भी बढाई जा सकती है।
4. अनुभवी व्यक्ति / निबंधित संस्था /कम्पनी /गैर सरकारी संगठन / फर्म प्रतिठान को पैन कार्ड तथा आधार कार्ड निविदा फार्म के साथ जमा करना होगा।
5. टेंडर भरने वाले अनुभवी व्यक्ति / रजिस्टर्ड संस्था या कंम्पनी / गैर सरकारी संगठन / फर्म प्रतिष्ठान के पास अपना पैन कार्ड होना चाहिए तथा उसकी कॉपी संस्था में जमा करवाना अनिवार्य है ।
6. सेवा में कमी पाए जाने पैर कॉन्ट्रैक्ट तुरंत निरस्त कर दिया जाएगा।
7. एकरारनामा का प्ररूप विद्यालय द्वारा निर्धारित किया जायेगा।
8. अनुभवी व्यक्ति / रजिस्टर्ड संस्था या कंपनी / गैर सरकारी संगठन/ फर्म / प्रतिष्ठान किसी भी प्रकार से ब्लैक लिस्टेड नहीं होना चाहिए।
9. विद्यालय द्वारा कॉन्ट्रैक्ट में कभी भी संशोधन किया जा सकता है।
10. अनुभवी व्यक्ति / रजिस्टर्ड संस्था या कंपनी / गैर सरकारी संगठन/ फर्म / प्रतिष्ठान ने निविदा भरी है वह निविदा में लगाए गए सभी दस्तावेजों की प्रतियों सहित निविदा फार्म कुल पृष्ठ संख्या और अपने सिग्नेचर करके भेजेगा । दोषपूर्ण या समय सीमा के बाद प्राप्त निविदा नहीं खोले जाएंगे और टेंडर अमान्य माने जाएगे।
11. अनुभवी व्यक्ति / रजिस्टर्ड संस्था या कंपनी / गैर सरकारी संगठन/ फर्म / प्रतिष्ठान द्वारा 30 अप्रैल 2025 तक भविष्य में किसी भी परिस्थिति में मूल्य बृद्धि की मांग नहीं की कर सकता ।
12. सरकार के नियमों और बिनिमयों में समय- समय पर किये गए संशोधन या बदलाव अनुभवी व्यक्ति / रजिस्टर्ड संस्था या कंपनी / गैर सरकारी संगठन/ फर्म / प्रतिष्ठान पर बाध्यकारी होंगे। साथ ही सभी प्रकार के टैक्स आदि का पूरा बहन करना होगा ।
13. नियम अनुसार टैक्स काटकर बिल का भुगतान किया जाएगा।
14. किसी भी प्रकार की कोई सशर्त निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी, यदि निविदा में कोई शर्त रखी जाती है तो निविदा स्वतः ही निरस्त कर दी जाएगी ।
15. निविदा को स्वीकृत और अस्वीकृत करने या रद्द करने का अंतिम अधिकार निविदा आमंत्रित करने वाले स्थानीय प्राधिकारी के पास है और इसके सम्बन्ध में कोई कारण नहीं बताया जाएगा।
16. निविदा में भरे गए न्यूनतम कूल मासिक पारिश्रमिक दर के साथ- साथ गुणवत्ता को भी ध्यान में रखा जाएगा। कॉन्ट्रैक्ट गुणवत्ता के आधार पर ही किया जाएगा। इसके लिए न्यूनतम कुल मासिक पारिश्रमिक दर ही एकमात्र आधार नहीं होगा तथा निविदाकर्ता किसी भी प्रकार का क्लेम नहीं कर सकता है। निविदा समिति द्वारा लिया गया निर्णय ही अंतिम और मान्य होगा।
17. विवाद के सम्बन्ध में न्यायलय की कार्यवाही हेतु कानून का क्षेत्र सिहोरे जिला रहेगा।
18. विशेष परिस्तिथियों में जैसे अभिवावक सम्मलेन, ऐनुअल फंक्शन और अन्य कार्यक्रम तथा बच्चों के हित में किसी भी प्रकार का भोजन बनाना अनिवार्य होगा तथा जिसके लिए कोई अतिरिक्त भुगतान नहीं दिया जाएगा।
19. यदि निविदा प्रपत्र में झूठ का खुलासा पाया जाता है तो निविदा को अस्वीकार कर दिया जाएगा इस मामले में विद्यालय के प्रबंधक का निर्णय अंतिम होगा।

**20.** निविदाकर्ता को लिफाफे के शीर्ष पैर " **लाल श्याही**" से किस मद में निविदा प्रपत्र भरा गया है यह जरुर से अंकित करना रहेगा।

**21.** निविदादाता निविदा के साथ निम्न सत्यापित प्रमाण-पत्र साथ में संलग्न करेंगे :-

a. आयकर विभाग द्वारा जारी पैन नंबर की स्वसत्यापित प्रतिलिपि।

b. फर्म के बैंक खाते का विवरण।

c. फर्म / मालिक का आधार कार्ड।

PRINCIPAL
KANYA SHIKSHA PARISAR, SEHORE
RUN BY SU... FOUNDATION
Sehore-Indore By Pass Road, Infront of
R.T.O. Office, Crescent Resort Cross Road
Sehore, Madhya Pradesh -466001

**Principal**

दिनांक : 08 मार्च 2024

## घोषणा

उपरोक्त 1 से 21 तक सभी शर्ते मेरे द्वारा पूर्ण रूप से पढ़ ली गयी हैं और मैं पूरी तरह से पालन करने का वचन देता हूँ। शर्तों के उलंघन के लिए सक्षम प्राधिकारी द्वारा लिया गया कोई भी निर्णय अंतिम होगा और मेरे लिए पुरी तरह से बाध्यकारी होगा ।

मैं अधोहस्ताक्षरी एतद्द्वारा घोषणा करता हूँ की उपरोक्त सभी शर्ते मुझे स्वीकार्य हैं।

निविदादाता के हस्ताक्षर एंव पता और
मोबाइल नंबर